आधी रात को निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति देखने रामघाट मार्ग पहुंचे कलेक्टर

- रामघाट चौड़ीकरण कार्य में रिटर्निंग वॉल, गैबियन वॉल का कार्य जल्दी पूर्ण करें
- कलेक्टर ने नियमित निरीक्षण के तहत हरसिद्धि की पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार देर रात को सिंहस्थ कार्यों के नियमित निरीक्षण के तहत हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक निर्माणाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्य और ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक प्रचलित मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने रामघाट मार्ग पर निर्माणाधीन रिटर्निंग वॉल व गैबियन वॉल संरचना का निर्माण कार्य 4 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए।

सिहंस्थ महापर्व 2028 के तहत प्रचलित मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को देर रात कलेक्टर सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए रात्रि में भी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सबसे पहले कलेक्टर सिंह ने हरसिद्धि की पाल से रामघाट की ओर जाने वाले मार्ग चौड़ीकरण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान नगर निगम के संबंधित अधिकारियों द्वारा रिटर्निंग वॉल और गैबियन वॉल संरचना निर्माण कार्य की जानकारी दी। कलेक्टर सिंह ने कहा कि बाबा महाकाल की पहली सवारी निकलने के पहले यह मार्ग चौड़ीकरण का कार्य पूरा होना चाहिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि वॉल निर्माण का कार्य चार दिन में पूर्ण करें। दिन और रात में कार्य के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौके पर रहें। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंड का पालन किया जाए।

कलेक्टर सिंह ने रात्रि में ही गोपाल मंदिर से ढाबारोड़, सत्यनारायण मंदिर तक निर्माणाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्य का अवलोकन किया। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि कार्य के दौरान मार्ग के दोनो ओर नाली निर्माण कार्य, विद्युत पोल और स्ट्रीट लाईट का कार्य पूरा किया गया है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य के लिए लेबर बढ़ाकर रात और दिन में कार्य करते हुए कार्य को पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान सवारी मार्ग होने से नाली को भी पूरी तरह से कवर किया जाए। मार्ग का कार्य शीघ्र पूरा करें जिससे आम जन के लिए यह मार्ग आवागमन के लिए खोला जा सके। आने वाले दिनों में श्रावण मास प्रारंभ होगा और बाबा महाकाल की सवारी निकलेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ भी इसी मार्ग पर रहेगी। इसके लिए कार्य को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जाए।

एक नजर में

नवोदय चयन परीक्षा के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

घट्टिया। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6टी में प्रवेश हेतु पोर्टल 222 .ठ्ठ1श्स्रड्ड4ड्ड .द्दश्1 .द्वड्ड पर विचार ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है ।प्राचार्य किरण महस्के ने बताया कि नवोदय विद्यालय घट्टिया में प्रवेश हेतु उज्जैन जिले के घट्टिया, तराना एवं उज्जैन ब्लॉक के मूल निवासी जो कक्षा 5 वीं में सत्र 2026-27 में अध्ययनरत है वे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं। साथ ही आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होना चाहिए ।प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर 2026 शनिवार को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी ।

16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की यात्रा

महिदपुर। श्री प्राचीन जगदीश मंदिर भगत सिंह चौक से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की भव्य यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 16 जुलाई गुरुवार दोपहर 1 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। यात्रा में डीजे, बैंड, ढोल-धमाके और भजन मंडलियां शामिल रहेंगी, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिलेगा। भगवान जगन्नाथ की यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। श्री प्राचीन जगदीश मंदिर सेवा समिति महिदपुर ने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा में शामिल होने और धर्म लाभ लेने की अपील की है।

गलत आईडी से दर्शन टिकट लेने की कोशिश

उज्जैन । महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए गलत पहचान पत्र प्रस्तुत कर टिकट लेने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को स्थानीय व्यापारियों की सतर्कता के कारण पकड़ लिया गया ।घटना आज शाम को मंदिर परिसर के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी दर्शन टिकट काउंटर पर गलत आई डी जमा कर रहा था। पास में खड़े हिंदू व्यापारियों ने तुरंत संदेह होने पर उसे रोक लिया। इसके बाद मामले की सूचना तुरंत हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं सौम्या कल्याणे, संजय विश्वकर्मा और प्रणव व्यास को दी गई। कार्यकर्ताओं ने बिना देरी किए आरोपी को महाकाल थाने के सुपुर्द कर दिया ।पुलिस के अनुसार,आरोपी से पूछताछ जारी है। उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह तो नहीं है ।महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जांच गंभीरता से की जा रही है ।हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने आम जनता से अपील की है कि मंदिर क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि को देखे जाने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

खजराना में अस्पताल की मांग

इंदौर. अमर शहीद सआदत खां भागीरथ सिलावट मेमोरियल सोसायटी के सचिव आसिफ खान ने बताया कि सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से मुलाकात कर खजराना क्षेत्र में 100 बिस्तरों का अस्पताल बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जब तुलसीराम सिलावट स्वास्थ्य मंत्री थे, तब खजराना क्षेत्र के नागरिकों ने अनेको बार 100 बिस्तर अस्पताल की मांग की थी. 23 जून 2020 को प्रस्तावित अस्पताल के लिए 87 पदों (डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ) की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा रियाजुलूम मदरसे के सामने अस्पताल बनाने के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी. इसके बावजूद छह वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका. प्रतिनिधिमंडल में सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान, भाजपा नेता अजय सेंगर, भाजपा नेता याकूब खान, रेहान खान, बाबू भाई, अनवर खान, आबिद भाई, इमरान खोकर एवं शाहिद अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

ट्रैफिक पार्क में किया पौधारोपण

इन्दौर. ट्रैफिक पार्क रेडियो कालोनी में पर्यावरण संरक्षण के निमित वृक्षारोपण किया गया. मार्गिंग वॉक ग्रुप के पोस्ट मास्टर महेश कश्यप ने एक पेड़ माँ के नाम पर शीशम का पौधा लगाया. इस अवसर पर त्रिवेणी वृक्ष, बट वृक्ष, नीम, पीपल के वृक्ष लागए गए. सर्वश्री इंदरसिंह ठाकुर, भुजबल सिंह भदौरिया, संजयसिंह चैहान, बवन यादव, कोटियाजी, शर्माजी, महेश अग्रवाल, अरोड़ा जी आदि गणमान्यजनां ने वृक्षों की त्रिवेणी लगाई.

कौन है ये महेश पुजारी, मैंने कभी सुना नहीं : महंत रविन्द्र पुरी

- बगैर जेब वाली ड्रेस के मुद्दे पर पलटवार, महाराज बोले महाकाल मंदिर में पुजारी प्रतिनिधि व्यवस्था बंद हो

उज्जैन। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर शहर आए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ रविंद्रपुरी महाराज ने शुक्रवार को प्रेस से चर्चा करते हुए कहा कि कौन है महेश पुजारी, वे उसे नहीं जानते हैं हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि उनकी जानकारी आया है कि महेश पुजारी एक पुजारी का सेवक (नौकर) मात्र है, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ रविंद्रपुरी महाराज ने अयोध्या में हुए कांड को लेकर उज्जैन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा था कि उन्होंने वहां ऐसी व्यवस्था की है कि मंदिर में पुजारी और अन्य कर्मचारी बिना जेब वाले कुर्ता पहने। इस परिप्रेक्ष्य में अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के जरिये महेश पुजारी द्वारा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज को लेकर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी इसको लेकर उन्होंने शुक्रवार को बड़े ही सहजता से कहा कि महेश पुजारी जैसे व्यक्ति के बारे में वह चर्चा करें या शोभा नहीं देता। वह उनके कद का है भी नहीं, वह महाकाल मंदिर के सम्माननीय पुजारी का सेवक मात्र(प्रतिनिधि) है ऐसे में उन्होंने शुक्रवार को मंदिर प्रशासक से चर्चा कर कहा कि मंदिर में जब मुख्य पुजारी पूजा करने नियमित रूप से आ रहे हैं तो ऐसे में प्रतिदिन प्रतिनिधि का कोई काम नहीं होना चाहिए। प्रतिनिधि का उल्लेख महाकाल एक्ट में है कि अति आवश्यक होने पर या मुख्य पुजारी के मंदिर नहीं आने पर उसके स्थान पर आ सकता है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि महेश पुजारी जो की प्रतिनिधि है उसका मंदिर में आना प्रतिबंधित किया जाए। इस मामले में जल्दी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे, क्योंकि महेश पुजारी द्वारा आए दिन सभी 13 अखाड़े को लेकर अनर्गल बयान बाजी मीडिया में झूठी वहा वाही लूटने के लिए की जाती रही है।

लायंस क्लब नागदा का 51वां संस्थापन समारोह, नई ऊर्जा के साथ सेवा-संकल्प कार्यक्रम आज

नागदा। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के अंतर्गत लायंस क्लब नागदा का 51वां संस्थापन समारोह शनिवार, 11 जुलाई 2026 को सायं 7 .30 बजे स्नेह कुंज गार्डन, इंगोरिया रोड, नागदा जंक्शन पर गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक हरीश तिवारी ने बताया समारोह में नवनियुक्त अध्यक्ष लायन एसएस शर्मा के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी आगामी सत्र के लिए सेवा, समर्पण एवं सामाजिक दायित्वों का संकल्प लेकर क्लब की गतिविधियों को नई दिशा देने का संदेश देगी। कार्यक्रम में मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन प्रवीण वशिष्ठ शपथ विधि अधिकारी के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा नवीन टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे ।आयोजन में लायंस इंटरनेशनल के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न लायंस क्लबों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान क्लब द्वारा विगत वर्षों की सेवा गतिविधियों का उल्लेख करते हुए आगामी सत्र की जनहित एवं समाजसेवा से जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी।

सिलिकॉन क्षेत्र में बदहाल सड़कें, बारिश में जाम और अव्यवस्था से लोग परेशान

इंदौर. शहर के सिलिकॉन क्षेत्र में सड़कें जर्जर होने और यातायात दबाव बढ़ने से लोग परेशान हैं. मुख्य चौराहे की हालत इतनी खराब है कि बारिश के दौरान शाम को यहां अक्सर भारी जाम लग जाता है. कई बार वाहन निकालने तक की जगह नहीं बचती, जिससे राहगीरों को भी दिक्कत होती है.

रहवासी दीपक पाटीदार ने बताया कि बारिश के बाद सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता. उन्होंने कहा कि कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसल चुके हैं और आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता पैदल चलने वालों को कीचड़ और जमा पानी से परेशानी होती है. मौके पर मौजूद एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर निगम और पार्षद से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से सुनवाई नहीं हो रही, जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है. दीपक पाटीदार का कहना है कि यह इलाका दिनभर व्यस्त रहता है और शाम के समय ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ जाता है. ऐसे में खराब सड़कें और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा देती है. कई बार एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं के वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है.

व्यवस्था सुधारने की मांग

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सिलिकॉन क्षेत्र की सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए और जल निकासी व्यवस्था सुधारी जाए. साथ ही चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि बारिश के मौसम में आमजन को ऐसी परेशानी न झेलनी पड़े. क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं. स्थानीय रहवासी दीपक पाटीदार सहित अन्य नागरिकों ने नगर निगम, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की है।

महिलाओं को सिखाया सीड बॉल्स बनाना

इंदौर. रेनबो लेडीज़ क्लब इंदौर के मासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें समाज सेविका डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने क्लब की सदस्यों को सीड बाल्स कब, कैसे, किन बीजों से बनाना और इनको किस तरह से जंगलों और पहाड़ी एरिया में बिखराना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा बीज अंकुरित होकर वृक्ष बन सकें ये बताया और सिखाया. साथ ही बने हुए सीड बाल्स सदस्यों को वितरित भी किए. ये जानकारी क्लब की संरक्षक मीनाक्षी पुराणिक ने दी,वीना श्रीवास्तव, रजनी सुंगधी, शैली सूद, जयश्री वीरानी, सुशील मित्तल, अंकीता पाटीदार द्वारा अपने अपने क्षेत्र में समाज हित में किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा दिया गया, आभार ईशा हिंगोरानी द्वारा दिया गया.

जिला कोर्ट बार में अधिवक्ताओं को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

- ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए किया जागरूक

इंदौर. बढ़ते साइबर अपराधों के बीच इंदौर पुलिस के सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जिला कोर्ट बार एसोसिएशन में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें अधिवक्ताओं और बार स्टाफ को ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई.

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, फेक इन्वेस्टमेंट स्कीम, ओटीपी फ्रॉड, स्क्रीन शेयरिंग एप, फर्जी कस्टमर केयर नंबर और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं.

उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सतर्क रहने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें. साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके. कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया.

एक नजर 11 जुलाई से विश्व जनसंख्या दिवस अभियान

जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल

उन्हेल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उज्जैन के निर्देशानुसार तथा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजीव कुमरावत के नेतृत्व में 11 जुलाई से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान मनाया जाएगा।

अभियान का मुख्य उद्देश्य सही समय पर गर्भधारण तथा दो बच्चों के बीच उचित अंतर रखने के लिए परिवार नियोजन के स्वैच्छिक साधनों के उपयोग को बढ़ावा देना है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हो तथा परिवार स्वस्थ एवं खुशहाल बन सके। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजीव कुमरावत ने बताया कि इस वर्ष अभियान का संदेश जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल रखा गया है। अभियान के दौरान जनसमुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नवाचारों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं द्वारा चिन्हित दंपत्तियों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें परिवार नियोजन के प्रति प्रेरित किया जाएगा। चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों पर परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सास-बहू सम्मेलन, नारा लेखन, रैली एवं अन्य जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को परिवार नियोजन के महत्व से अवगत कराया जाएगा।

अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सुपरवाइजर एवं आशा सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।